मेवाड़ विवि. के फार्मेसी संकाय के छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षा जीपीएटी-2022 में हुआ चयन

चमकता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (अमित कुमार चेचानी)। मेवाड़ विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के अंतिम वर्ष के सुमित कुमार मोदी, फरहत जहां और फरहीन खान छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षा GPAT- 2022 में का चयन हुआ है। यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा संचालित किया जाता है। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी फार्मेसी संकाय के छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। अब तक चयनित हुए छात्र छात्राएँ निम्नांकित है जैसे GPAT-2017 में मोहम्मद रफी, GPAT-2018 में जयेश गदिया, GPAT-2019 में राहुल कुशवाहा और संगीता सिंकु, GPAT-2020 में रोसेलिन खाखलरी और रिभारू सुईचेंग, GPAT-2021 में मोहम्मद राशिद का चयन हुआ।

इन सभी छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता,गुरुजनो एवं अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार गदिया ने सफल छात्र-छात्राओं एवं संपूर्ण फार्मेसी संकाय को



बधाई दी। इन सभी छात्र-छात्राओं को चयनित होने में सही रूप से निर्देशन देने में फार्मेसी संकाय के डीन प्रोफेसर डॉ. कौशल किशोर चंद्रुल एवं फार्मेसी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव कुमार शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही फार्मेसी संकाय के शिक्षक डॉ. हरिओम शर्मा, पंकज चप्स्ता, सरिता शर्मा, डॉ. हिमानी तिवारी, रवि वर्मा, रितु शर्मा, तन्मय व्यास, मौनाली मिश्रा, मोहम्मद जुल्फकार अली, राजाराम राजभर, और सतपाल कुशवाहा की उत्तमोत्तम शिक्षा, कड़ी मेहनत और लगन से संभव हुआ।

तीन छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षा में चयन

चित्तौड़गढ़. मेवाड़ विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के अंतिम वर्ष के सुमित कुमार मोदी, फरहत जहां और फरहीन खान छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षा 2022 में का चयन हुआ है। यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से संचालित किया जाता है। मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार गदिया ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।







Rajasthan Patrika 10-06-2022

मेवाड विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का जीपीएटी -2022 में चयन

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के अंतिम वर्ष के सुमित कुमार मोदी, फरहत जहां और फरहीन खान छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षा जीपीएटी - 2022 में का चयन हुआ है। वह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा संचालित किया जाता है।



गंगरार। सुमित कुमार मोदी, फरहत जहां, फरहीन खान।

Dainik Navajyoti 10-06-2022